>

Title: Need to take action against the police and DDA officials who removed the jhuggies of poormen living in Delhi.

श्री एच.पी.सिंह : सभापति महोदय, मैं सरकार के ध्यान में यह बात लाना चाहता हूं कि बिहार, उत्तर प्रदेश के गरीब लोगों को जगह न मिलने के कारण वे दिल्ली में जवाहर कैम्प, ए-१/६०, कीर्ति नगर में १९९० से पहले से झुग्गी बनाकर रह रहे हैं। उनके राशन कार्ड, पहचान पत्र आदि सब कुछ बने हुए हैं।

... (व्यवधान)

सभापति महोदय : कृपया अपने विषय पर संक्षेप में कहिए ताकि अन्य सदस्यों को भी मौका मिल सके।

श्री एच.पी.सिंह (आरा): संक्षेप में कह रहे हैं। वहां पर मार्बल की बहुत बड़ी मार्किट है। जिन लोगों ने पुलिस और डी.डी.ए. के लोगों को पैसा दिया, उनकी झुग्गियों को नहीं तोड़ा गया। लेकिन जो गरीब मजदूर बाहर काम पर गए हुए थे, उनके पीछे से उनके बाल-बच्चों को बाहर कर दिया।

... (व्यवधान)

सभापति महोदय : आपने अपनी बात कह दी है।

श्री एच.पी.सिंह : मैं कहना चाहता हूं कि उन निरीह, गरीब लोगों को बसाने का काम किया जाए। पुलिस और डी.डी.ए. के जिन लोगों ने उनके बीबी, बच्चों को रोड पर फेक दिया था, उनको पनिशमैंट दी जाए।

... (व्यवधान)